पुस्तपालन एवं लेखाकर्म– कक्षा XI
(Book-keeping & Accountancy)
इकाई–1
लेखांकन (Acounting)

वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions)

1. निम्नलिखित विवरण सत्य है या असत्यः

(i) अन्तिम खाते बनाना पुस्तपालन में आता हैं ।

(ii) पुस्तपालन का प्रारम्भ इटली में हुआ ।

(iii) खाताबही लिखना पुस्तपालन में आता है ।

(iv) पुस्तपालन विज्ञान एवं कला है।

Following Statements are true or false:

(i) Preparation of Final Accounts falls in Book-keeping

(ii) Book-keeping came into existence in Italy.

(iii) Writing of ledger falls in Book-keeping.

(iv) Book keeping is science and Art.

2. रिक्त स्थानों को भरिएः

(i) पुस्तपालन विज्ञान एवं …… हैं ।

(ii) पुस्तपालन का प्रारम्भ इटली में …… में हुआ ।

(iii) अंतिम खाते बनाना …… में आता हैं ।

(iv) जर्नल में लेखा करना …… में आता हैं ।

Fill up the gaps

(i) Book-keeping is science and .....

(ii) Book-keeping came into existence in Italy in .....

(iii) Preparation of Final Account falls in .....

(iv) Writing in journal falls in .....

3. निम्नलिखित के उत्तर 'हॉ' या 'नही' में दीजिए –

(i) पुस्तपालन का प्रारम्भ अमेरिका में हुआ

(ii) पुस्तपालन का प्रारम्भ चीन में हुआ ।

(iii) लेखाकर्म की प्रथम सीढ़ी पुस्तपालन हैं ।

(iv) पुस्तपालन का प्रारम्भ जर्मनी में हुआ ।

Answer the following in 'Yes' or 'No'

(i) Book-keeping came into existence in America.

(ii) Book-keeping came into existence in China.

(iii) Book-keeping is first stage of Accountancy.

(iv) Book-keeping came into existence in Germany.

लघु उत्तरीय प्रश्न 4 अंक (Short Answer Questions 4 marks)

प्रश्न–1. पुस्तपालन एवं लेखाकर्म का क्या आशय हैं ?

What is the meaning of Book-keeping and Accountancy?

प्रश्न–2. पुस्तपालन एवं लेखाकर्म में क्या अन्तर है?

What is the difference between Book-keeping and Accountancy?

प्रश्न–3. पुस्तपालन एवं लेखाकर्म के उद्देश्य लिखिए ।

Write the objects of Book-keeping and Accountancy.

प्रश्न–4. पुस्तपालन एवं लेखाकर्म के चार लाभ लिखिए ।

Write four advantage of Book- keeping and Accountancy.

प्रश्न–5. पुस्तपालन एवं लेखाकर्म का इतिहास लिखिए ?

Write history of Book-keeping and Accountancy.

प्रश्न–6. क्या लेखांकर कला है अथवा विज्ञान? समझाइए।

Is Accounting art or Science ? Explain.

प्रश्न–7. निम्नलिखित का संक्षेप में वर्णन कीजिये –

(1) पूंजी (2) सम्पत्ति

Explain the following in brief

(1) Capital (2) Assets

प्रश्न–8. निम्नलिखित का संक्षेप में वर्णन कीजिये –

(1) दायित्व (2) माल

Explain the following in brief

(1) Liabilities (2) Goods

प्रश्न–9. लेखांकन की प्रणालियाँ समझाइये।

Describe the different system of Accounting.

प्रश्न–10. लेखांकन सूचना की गुणात्मक विशेषताओं को समझाइए।

Explain the qualitative characteristics of Accounting information.

इकाई– 2

लेखांकन की मूलभूत मान्यतायें एवं सिद्धान्त
(Accounting- Basic Assumption & Principle)

प्रश्न 1.सत्य/ असत्य बताइयेः

(अ) **प्रत्येक सौदे में दो पक्ष होते है।**

There are two parties in each transaction.

(ब) **उत्पादन की नीति मुद्रा मापन की अवधारणा है।**

Money measurement concept is policy of production.

(स) **पूँजी = सम्पत्तियों – दायित्व**

Capital = Assets - Liabilities .

(द) **सम्पत्तियों = दायित्व + पूँजी**

Assets = Liabilities + capital

लघु उत्तरीय प्रश्न–4 अंक (Short Answer Question 4 Marks)

प्रश्न 2. लेखांकन अस्तित्व की मान्यता को समझाइए।

Explam the Accounting Entity Assumptions.

प्रश्न 3. चालू व्यवसाय की मान्यता से आप क्या समझते हैं?

What do you understand by Going Concern Assumiption?

प्रश्न 4. मुद्रा मापन की मान्यता क्या है? समझाइए।

What is Money Measurement Assumption? Explain.

प्रश्न 5. लेखा अवधि की मान्यता का महत्व लिखिए।

Write the importance of Accounting period Assumption.

प्रश्न 6. **आगम की प्राप्ति कब मानी जाती है? उदाहरण सहित समझाइए।**

When should the Revenue be recognized? Explain with example.

प्रश्न 7. **निम्नलिखित व्याख्या कीजिए।** Explain the following

(1) **जाँच करने योग्य लिखित प्रमाण की मान्यता**

(Varifiable objective Evidence Assumption)

(2) **सारता का सिद्धान्त** (Principle of meteriality)

प्रश्न 8. **लेखांकन की आधारभूत मान्यताओं का क्या आशय है?**

What is the meaning of Basic Assumptions of Accounting?

प्रश्न 9. **लेखांकन की चार आधारभूत मान्यताओं के नाम लिखिए।**

Write four names of Basic Assumptions of Accounting.

प्रश्न 10. **लेखांकन के परिवर्तनीय सिद्धान्त का क्या अर्थ है?**

What is Accounting Principle?

प्रश्न 11 **लेखांकन के परिवर्तनीय सिद्धान्त का क्या अर्थ है?**

What is meant by Modified Principle of Accounting?

प्रश्न 12 **चालू व्यवसाय की मान्यता से क्या आशय है?**

What is the meaning of Going Concem Assumption?

प्रश्न 13 **मुद्रा मापन की मान्यता से आप क्या समझते हैं?**

What do you understand by Money Measurement Assumption?

प्रश्न 14 **लेखांकन सिद्धान्तों से आप क्या समझते है?**

What do you understand by Accounting Principles.

प्रश्न 15 **लेखांकन सिद्धान्तों की विशेषताओं को समझाइये।**

Explain Accounting Principles.

इकाई 3

व्यावसायिक सौदे

(BUSINESS TRANSACTION)

वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions)

1. सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिएः

Select correct option and write in your answer-book.

(i) दोहरा लेखा प्रणाली का आरम्भ हुआ था ।

(अ) अमेरिका में (ब) इटली में (स) रूस में (द) भारत में

Double Entry system was introduced in:

(a) America (b) Italy (c) Russia (d) India

(ii) पूँजी खाता हैं:

(अ) व्यक्तिगत खाता (ब) वास्तविक खाता

(स) अवास्तविक खाता (द) व्यक्तिगत एवं वास्तविक खाता

Capital Account is:

(a) Personal Account (b) Real Account

(c) Nominal Account (d) Personal & Real Account

2. निम्नांकित में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः

(i) ……को डेबिट तथा……को क्रेडिट करों (व्यक्तिगत खाता)

(ii) व्ययों को …… तथा आय को …… करों (नाममात्र खाते)

(iii) खाते की बायीं ओर ……. तथा दायीं ओर …… पक्ष होते हैं ।

Fill up the gaps in the following:

(i) Debit the Account of ..... and credit the Account of .....(Personal Account)

(ii) ..... expenses and ..... gains. (Nominal Account)

(iii) Lift side of an account is ..... and right side is .....

3. **सही विकल्प बताइए :** (State the correct option)

(1) द्वि–प्रविष्टि का अर्थ हैं :

(अ) दो बहियों में प्रविष्टि (ब) दो तिथियों में प्रविष्टि

(स) एक ही लेन – देन के दो पक्षों की प्रविष्टि ।

(द) उपरोक्त में कोई नहीं।

(1) Meaning double Entry is:

(a) Entry in two Bahies (b) Entriy in two dates

(c) Entry in two parties of the same transaction.

(d) None of the above

(2) राम का माल नकद बेचा गया किसके खाते में इसका लेखा होगा ?

(अ) राम के खाते में (ब) नकद के खाते में

(स) विक्रय के खाते में । (द) उपरोक्त में कोई नहीं।

(2) Goods sold to Ram for Cash in whose account will it be recorded?

(a) In the account of Ram (b) In the account of cash

(c) In the account of sales. (d) None of the above

4. नयी मशीन के स्थापना व्यय डेबिट होंगे :

(अ) व्यय खाते में (ब) मशीन खाते में । (स) लाभ–हानि खाते में।

(द) व्यापार खाते में

Establishment expenses of new machine will be debited in :

(a) Expenses account (b) Machine account

(c) Profit and Loss Account (d) Trading Acount

5. निम्नांकिंत में से कोन से नाममात्र के खाते है?

(अ) ब्याज खाता (ब) अदत्त ब्याज खाता ।

(स) अपार्जित ब्याज खाता (द) पूर्वदत्त ब्याज खाता ।

Which of the following are nominal account?

(a) Interest account, (b) Outstanding interest account

(c) Earned interest account (d) Prepaid interest account.

6. ‘हॉ’ और ‘नही’ में उत्तर दीजिए

(अ) प्रत्येक सौदे में एक रूप होता हैं ।

(ब) प्रत्येक डेबिट का क्रेडिट अवश्य होता हैं ।

(स) हानियों को डेबिट किया जाता हैं ।

(द) किराया खाता वास्तविक खाता है ।

Answer in 'Yes' or 'No'

(a) There is only one aspect in each transaction.

(b) Every debit has a corresponding credit.

(c) Losses are debited.

(d) Rend account is real account.

लघु उत्तरीय प्रश्न 4 अंक (Short Answer Questions 4 marks)

प्रश्न–1. खातों के प्रकार लिखिए ।

Write the types of accounts

प्रश्न–2. व्यक्तिगत खातों को उदाहरण देकर समझाइए ।

Explain personal account with examples.

प्रश्न–3. कटौती का आशय एवं इसके प्रकार लिखिए ।

Write the meaning and types of discount.

प्रश्न–4. दोहरा लेखा प्रणाली की विशेषताएँ लिखिए ।

Write the characteristics of double entry system.

प्रश्न–5. दोहरा लेखा प्रणाली की प्रमुख श्रेणियॉ या भाग लिखिए ।

Write main stages or part of double entry system.

प्रश्न–6. दोहरा लेखा प्रणाली से आप क्या समझते है? स्पष्ट कीजिए ।

What do you understand by double entry system? Explain.

प्रश्न–7. व्यक्तिगत खाते में सौदों के लेखा करने का नियम लिखिए ।

Write the rule for recording of transaction in personal account.

प्रश्न–8. वास्तविक खाते में सौदे के लेखा करने का नियम लिखिए ।

Write the rule for recording in real account.

प्रश्न–9. पुस्तपालन एवं लेखाकर्म की दोहरे लेखे प्रणाली को समझाइए।

Explain in the Double Entry System of Book-keeping and Accountancy.

प्रश्न–10. ''एक डेबिट को समतुल्य क्रेडिट की और एक क्रेडिट को समतुल्य डेबिट की आवश्यकता होती हैं ।'' इस कथन के सन्दर्भ में दोहरा लेखा प्रणाली की मुख्य विशेषताओं को समझाइए ।

"There should an equal credit for every debit and an aqual debit for every credit." In the light of this statement explain the chief characteristics of Double Entry System of book-keeping.

प्रश्न–11. द्विप्रविष्टि प्रणाली से आप क्या समझे हैं? इसके नियमों को लिखिए।

What do you understand by double entry system? Write its rules.

प्रश्न–12. परिभाषा दिजिए – पूँजी, सम्पत्ति, दायित्व एवं आहरण ।

Define - Capital, Assets, Liabilities and Drawings.

प्रश्न–13. लेखांकन के मूल प्रलेखों से आप क्या समझते हैं?

What do you understand by souce documents of accounting?

प्रश्न–14. लेखाकन समीकरण का अर्थ संक्षेप में समझाए।

Explain in short the meaning of accounting equation.

प्रश्न–15. पुस्तपालन एवं लेखाकर्म के कोई चार लाभ लिखिए।

Write any four advantages of Book-keeping and Accountancy.

प्रश्न–16. ऋणदाताओं की समता से आप क्या समझते हैं।

What do you understand by 'Creditor's Equity'?

प्रश्न–17. स्वामी की देयता क्या है?

What is owner's equity?

प्रश्न–18. लेखांकन समीकरण पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

Write short note on "Accounting Equation".

प्रश्न–19. विभिन्न प्रकार के मूल प्रलेखों को समझाइए।

Explain various types of source documents.

प्रश्न–20. लेखांकन समीकरण क्या है? उपयुक्त उदाहरण देकर समझाइए।

What is accounting equation? Explain with suitable example.

प्रश्न–21. लेखांकन समीरकण सभी परिस्थितियों में सत्य होता हैं। सिद्ध कीजिए।

Accounting equation is true under all circumstances. Justify.

प्रश्न–22. आधारभूत लेखा समीकरण का वर्णन कीजिए।

Describe the fundamental accounting equation.

इकाई–4

दैनिक पंजी एवं सहायक बहियाँ

(JOURNAL AND SUBSIDIARY BOOKS)

वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions)

प्रश्न 1.''हॉ'' या 'नही' में उत्तर दीजिए :

(i) पाने वाले का खाता डेबिट किया जाता हैं ।

(ii) हानि खाता क्रेडिट किया जाता हैं ।

(iii) रमेश को माल बेचा – यहॉ रमेश का खाता डेबिट किया जायेगा ।

(iv) मजदूरी भुगतान की – यहॉ मजदूरी खाता क्रेडिट किया जायेगा ।

(v) अ से माल खरीदा – यहॉ अ का खाता क्रेडित किया जायेगा।

Answer in 'Yes' or 'No'

(i) Receiver's account is debited.

(ii) Loss account is credited.

(iii) sold goods to Ramesh- here Ramesh's account will be debited.

(iv) Paid wages- here wages account will be credited.

(v) Purchased goods from A- here A's account will be credited.

प्रश्न2. उधार बेचे गये माल का लेखा किया जाता हैं :

(i) रोकड़ पुस्तक (ii) विक्रय वापसी पुस्तक में

(iii) विक्रय पुस्तक में (iv) जर्नल में

Goods sold on credit is recorded:

(i) In the cash book (ii) In the sales return book

(iii) In the sales book (iv) in the Journal

प्रश्न3. खाली स्थानों की पूर्ति करिए :

(अ) रोकड़ पुस्तक में …… सम्बन्धी व्यवहार ही लिखे जाते हैं ।

(ब) विक्रय पुस्तक में…… बिक्री लिखी जाती हैं ।

(स) क्रय पुस्तक में …… क्रय लिखा जाता हैं ।

(द) प्राप्य बिल पुस्तक में …… बिलों से संबंधित सौदे लिखे जाते हैं ।

(इ) देय बिल पुस्तक में …… बिलों से संबंधित सौदे लिखे जाते हैं ।

Fill up the gaps:

(a) ---------- transactions are recorded in cash book.

(b) ---------- sale is recorded in sales book.

(c) ---------- purchase if recorded in purchases book.

(d) Transactions related with bills ---------- are recorded in Bills Receivable book.

(e) transactions related with bills ---------- are recorded in Bills Payable book.

प्रश्न4. निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(अ) विक्रय किये हुए माल की वापसी का लेखा किस पुस्तक में किया जाता हैं ?

(ब) क्रय किये हुए माल की वापसी का लेखा किस पुस्तक में किया जाता है?

(स) उधार क्रय का लेखा निम्नांकित में से किस पुस्तक में किया जाता हैं ?

(i) रोकड़ पुस्तक (ii) जर्नल (iii) क्रय पुस्तक

Answer the following questions:

(a) In which book sales returns are recorded?

(b) In which book purchases returns are recorded.

(c) In which of the following book credit purchase is recorded?

(i) Cash Book, (b) Journal, (c) Purchases book.

प्रश्न–5. विक्रय पुस्तक में लेखा किया जाता हैं ।

(i) सम्पूर्ण उधार विक्रय का (ii) केवल माल के उधार विक्रय का

(iii) नकद विक्रय का ।

Record is made in sales book:

(i) Total credit sales (ii) Only credit sales of goods (iii) Cash sales.

प्रश्न–6.(i) क्या क्रय पुस्तक में सभी प्रकार के क्रय लिखे जाते हैं ?

(ii) क्या रोकड पुस्तक का समाकलन शेष = हस्तस्थ रोकड़ ?

(i) Are all types of purchases recorded in purchases book?

(ii) does credit balance of cash book = cash in hand?

प्रश्न–7. जर्नल की प्रविष्टि कीजिए :

500 रू. का फर्नीचर क्रय किया ।

Pass the Journal entry.

Purchased furniture of Rs. 500.

लघु उत्तरीय प्रश्न 4 अंक (Short Answer Questions 4 marks)

प्रश्न–8. निम्न के संबंध में जर्नल की प्रविष्टियॉ कीजिए:

(अ) छूट दी , (ब) छूट मिली, (स) नयी मशीन के स्थापना व्यय दिये

Pass journal entries about the following:

(i) Allowed discount, (ii) Received discount

(iii) Establishment expenses of new machine.

प्रश्न–9. मीना को 2,000 रू. के भुगतान में 1,190 रू. देकर पूर्ण भुगतान माना गया । इसके लिए जर्नल की प्रविष्टि कीजिए ।

Paid Rs. 1,190 to Meena in full satisfaction of her claim of Rs. 2,000. Pass journal entry for the same.

प्रश्न–10. अवास्तविक खाते के आठ उदाहरण दीजिए ।

Give eight examples of nominal accounts.

प्रश्न–11. खुदरा रोकड़ बहियों के प्रकार लिखिए ।

Write the types of Pettry cash book.

प्रश्न–12. रोकड़ बहियों के प्रकार लिखिए ।

Write the types of cash book.

प्रश्न–13. विक्रय पुस्तक का नमूना तीन व्यवहारों को प्रकट करते हुए बनाइए ।

Give the specimen of sales book with three transactions.

प्रश्न–14. क्रय पुस्तक का नमूना तीन व्यवहारों को प्रकट करते हुए बनाइए ।

Give the specimen of purchases book with three transactions.

प्रश्न–15. उभय पक्ष लेखों को तीन उदाहरण देकर समझाइयें ।

Explain contra entries with three examples.

प्रश्न–16. जर्नल की सहायक पुस्तकों के नाम लिखिए ।

Write the names of subsidiary books of journal.

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 5 अंक (Long Answer Questions 5 marks)

प्रश्न–17. जर्नल में लेखा करने के नियमों का विस्तारपूर्वक उदाहरण सहित वर्णन कीजिए ।

Explain the rules of journalising fully giving illustrations.

प्रश्न–18. जर्नल का क्या आशय है ? इसमें वास्तविक खातों से संबंधित सौदों के लेखा करने के क्या नियम हैं ?

What is meant by Journal? What are the rules of recording transactions relating to real accounts in it?

प्रश्न–19. सहायक पुस्तकें क्या हैं ? वर्तमान पुस्तपालन में इनका क्या स्थान हैं ? व्यवसाय में अधिकतम प्रयोग की जाने वाली सहायक पुस्तकों का वर्णन कीजिए ।

What are subsidiary books ? What is their place in modern book-keeping? Describe those subsidiary books which are mostly used in business.

प्रश्न–20. मुख्य जर्नल क्या है ? इसमें कौन से लेखे किये जाते हैं ?

What is proper journal ? What records are made in it?

प्रश्न–21. प्रारम्भिक लेखों एवं अन्तिम लेखों की प्रविष्टियों को विस्तार से समझाइए ।

Explain in detail opening and closing entries.

प्रश्न–22. बाह्य प्रेषण बही, विज्ञापन बही, उधार संग्रह बही तथा दैनिक नकद बिक्री बही को स्पष्ट कीजिए ।

Explain outward consignment book, advertisement book, credit collection book and daily cash sales book.

प्रश्न–23. प्राप्य बिल पुस्तक और देय बिल पुस्तक के नमूने कुछ कल्पित उदाहरण देकर बनाइए।

Give specimens of Bills Receivable book and Bills Payable book after taking same imaginary examples.

प्रश्न–24. रोकड़ पुस्तक क्या है ? इसके विभिन्न प्रकार बताइए ।

What is a cash book State its various types ?

प्रश्न–25. जय की जर्नल में निम्नांकित सौदों के लेखे करिए :

2006			रू.
अप्रैल	1	रोकड़ से व्यापार प्रारम्भ किया	10,000
‘‘	2	नकद माल क्रय किया	2,000
‘‘	5	मोहन से माल खरीदा	5,000
‘‘	7	मशीन खरीदी	1,000
‘‘	11	शंकर को माल बेचा	3,000
‘‘	12	मोहन को माल वापस किया	50
‘‘	16	शंकर से माल वापस आया	40

Journalise the following transaction in Jay's Book:

2006			
April	1	Started business with cash	10,000
"	2	Purchased goods for cash	2,000
"	5	Purchased goods from Mohan	5,000
"	7	Bought machinery	1,000
"	11	Sold goods to Shankar	3,000
"	12	Returned goods to Mohan	50
"	16	Goods returned by Shanker	40

प्रश्न–26. अग्रवाल की जर्नल में निम्नांकित सौदों के लेखे करिए :

2006			रू.
अप्रैल	1	मोहन को रोकड़ दी	4,000
‘‘	3	रमेश से माल क्रय किया	2,000
‘‘	6	शंकर से रोकड़ प्राप्त की	2,500
‘‘	8	दिनेश को माल बेचा	1,000

‘‘	11	आहरण किया	400
‘‘	14	व्यापारिक व्यय दिये	30
‘‘	16	वेतन हरीश को दिया	100
‘‘	19	बिजली व्यय दिये	30

Journalise the following transaction in Agrawal's Book:

2006			
April	1	paid cash to Mohan	4,000
"	3	Purchased goods form Ramesh	2,000
"	6	Received cash from Shanker	2,500
"	8	Sold goods to Dinesh	1,000
"	11	Withdrawals	400
"	14	Paid trade expenses	30
"	16	Salary paid to Harish	100
"	19	Paid electricity charges	30

प्रश्न–27. निम्नांकित व्यवहारों से से श्री शंकरलाल की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे करिएः 2006: मई 1 : सुधीर से माल क्रय किया 200 रू., मई 2 : सुरेन्द्र को माल बेचा 180 रू., मई 3: महेश से रोकड़ प्राप्त की 300 रू., मई 4: सुधीर को रोकड़ दी 80 रू., मई 5: राम से नकद माल क्रय किया 120 रू., मई 6: मोहन को माल नकद बेचा 100 रू., मई 7: रमेश को नकद वेतन दिया 160 रू., मई 8: कमीशन नकद मिला 60 रू. ।

From the following transactions pass journal entries in the books of Shri Shankar Lal 2006 : May 1, Purchased from Sudhir goods Rs. 200, May 2: Sold goods to Surendra Rs. 180, May 3: Cash received from Mahesh Rs. 300, May 4 : Gave cash to Suhdir Rs. 80, May 5: Purchased goods from Ram for cash Rs. 120, may 6 : Sold goods to Mohan for cash Rs. 100, may 7: Paid salary to Ramesh in cash Rs. 160, May 8: Received in cash commission Rs. 60.

प्रश्न–28. अग्रवाल की पुस्तकों में निम्नांकित लेन देन के लिए जर्नल के आवश्यक लेखे करिएः

2006 जनवरी 1 : अग्रवाल ने 6,000 रूपये रोकड़ी ओर 2,000 रूपये के माल से व्यापार आरम्भ किया, जनवरी 2 : रमेश से माल खरीदा 1,500 रूपये, जनवरी 2: नकद माल खरीदा 2,000 रूपये, जनवरी 2: दिनेश से माल खरीदा 500 रूपये, जनवरी 3: नकद माल बेचा 3,000 रूपये, जनवरी 3: मोहन को माल बेचा 1,000 रूपये, जनवरी 3: राम को माल बेचा 200 रूपये, जनवरी 15 : रमेश को रोकड़ दी 1,500 रूपये, जनवरी 15: दिनेश को रोकड़ दी 500 रूपये, जनवरी 31: वेतन दिया 100 रूपये, जनवरी 31 : मजदूरी दी 50 रूपये ।

Journalise the following transactions in the books of Agrawal :
2006 Jan. 1: Agrawal commenced business with cash Rs. 6,000 and Goods Rs. from Ramesh Rs. 1,500, Jan 2: Purchased goods for cash Rs. 2,000, jan 2: Purchased good from Dinesh Rs. 500, Jan 3: Cash Sales Rs. 3,000, Jan 3: Sold goods to Mohan Rs. 1,000: Jan. 3: Sold goods to Ram Rs. 200, Jan 15: gave cash to Ramesh Rs. 1,500, jan 15: Gave cash to Dinesh Rs. 500, Jan. 31: Paid salary Rs. 100, Jan. 31: Paid wages Rs. 50.

प्रश्न–29. निम्नांकित व्यवहारों के लिए जर्नल के आवश्यक लेखे करिएः

2006 जनवरी 1 सुरेश से 20% व्यापारिक कटौती और 5% नकद कटौती पर 20,000 रू. सूची मूल्य का माल नकद खरीदा ।

जनवरी 5 महेश ने 20% की व्यापारिक कटौती पर 8,000 रू. सूची मूल्य का माल खरीदा

जनवरी 6 खराब होने के कारण महेश को 700 रू. सूची मूल्य का माल लौटाया।

जनवरी 10 निजी प्रयोग के लिए 200 रू. का माल आहरण किया ।

जनवरी 12 दिनेश को 2,000 रू. सूची मूल्य का माल नकद बेचा, कटौती – व्यापारिक 5% कीऔर नकदी 1% ।

जनवरी 21 5,000 रू. सूची मूल्य का माल मोहन को 6% व्यापारिक कटौती और 1% नकद कटौती पर बेचा, उसने 60% राशि नकद दे दी हैं ।

जनवरी 31 मोहनलाल से 10% व्यापारिक कटौती और 3% नकद कटौती पर 6,000 रू. सूची मूल्य का माल खरीदा, 80% धन नकद दे दिया गया है ।

Pass Journal entries in respect of the following transactions.

2006 Jan. 1 Purchased from Suresh goods for cash at a list price of Rs. 20,000, at trade discount of 20% and cash discount of 5%.

Jan. 5 Purchased from Mahesh goods of a list price of Rs. 8,000 at 20% trade discount.

Jan. 6 Returned goods of a list price of Rs. 700 to Mahesh as it was defective.

Jan. 10 Withdraw goods for personal use Rs. 200.

Jan. 12 Sold to Dinesh for cash goods of a list price of Rs. 2,000 at a trade discount of 5% and cash discount of 1%.

Jan. 21 Sold to Mohan at a trade discount of 6% and cash discount of 1% goods of the list price of Rs. 5,000. He has paid 60% amount in cash.

Jan. 31 Purchased from Mohan Lal goods at a list price of Rs. 6,000 at 10% trade discount and 3% cash discount. Cash was paid upto 80% of the amount.

प्रश्न–30. निम्नांकित सौदों के लिए जय की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे करिए :

2006 : जून 1 जय ने 50,000 रूपये से ब्यापार आरम्भ किया, जिसमें से 30,000 रू. उसका स्वयं का है और 20,000 रूपये उसने अपने भाई सुशील से उधार लिये हैं । जून 7: 20,000 रूपये का माल खरीदा, इसमें से 14,000 रू. का माल बीमा किया हुआ है । बीमित माल में से 3,000 रूपये का माल आग से जल गया किन्तु

हानि केवल 2,500 रूपये की हुई । बीमा कम्पनी ने इस दावे को स्वीकार कर लिया लेकिन भुगतान 10 जून को किया ।

Make necessary entries in the Journal of Jay in respect of following transactions:

2006 : June 1: Jay commenced business with Rs. 50,000, out of which Rs. 30,000 were his own and Rs. 20,000 were borrowed by him from his brother Sushil. June 7: Purchased goods for Rs. 20,000 out of which goods of the value of Rs. 14,000 are insured. Insured goods of the value of Rs. 3,000 were destroyed by fire but loss amounted to Rs. 2,500 only. The insurance company accepted this claim but paid for it on June 10

प्रश्न– 31 निम्नांकित सौदों को सुरेन्द्र के जर्नल में प्रविष्ट कीजिए जो कपड़े का व्यवसायी है और इसी कपड़े को माल मानता हैः 2006 : जनवरी 2ः राम से माल क्रय किया 1,500 रू., जनवरी 3ः राम को माल लौटाया 500 रू. , जनवरी 3ः नकद माल क्रय किया 5,000 रू., जनवरी 4 : नकद माल बेचा 3,000 रू., जनवरी 5ः अर्जुन को माल बेचा 100 रू., जरवरी 10 : फर्नीचर के क्रय के लिए नकद दिया 2,000 रू., जरवरी 13ः अर्जुन से चैक प्राप्त हुआ 100 रू., जनवरी 20 : मोहन को माल बेचा 2,000 रू. ।

Enter the following transactions in the Journal of Surendra who is cloth merchant and regards this cloth as goods: 2006: Jan. 2: Purchased goods from Ram Rs. 1,500: Jan 3: Returned goods to Ram Rs. 500: Jan. 3: Puchased goods for cash Rs. 5,000, Jan 4: Sold goods for cash Rs. 3,000, Jan 5: Sold goods to Arjun Rs. 100, Jan. 10: Paid cash for buying furniture Rs. 2,000, Jan. 13: Received cheque from Arjun Rs. 100, Jan. 20: Sold goods to Mohan Rs. 2,000, Jan. 21: Mohan returned goods Rs. 200.

प्रश्न–32. सोहन ने 1 जनवरी, 2006 को 10,000 रू. पूँजी से व्यापार शुरू किया । जनवरी, 2006 के लिए उसकी रोकड़ सम्बन्धी प्राप्ति और भुगतानों का विवरण निम्न प्रकार हैः

		रू.
जनवरी 2	माल नकद खरीदा	5,000
जनवरी 5	नकद बिक्री हुई	2,000
जनवरी 7	कार्यालय के व्ययों का भुगतान किया	200
जनवरी 10	नकद माल खरीदा	2,000
जनवरी 12	डाक व्यय	25
जनवरी 15	रमेश को दिये	3,000
जनवरी 17	महेश से प्राप्त	200
जनवरी 20	माल की नकद बिक्री	1,000
जनवरी 22	माल की नकद खरीद	900

उपर्युक्त सौदों को रोकड़ पुस्तक में लिखिए ।

On 1st January, 2006, Sohan started business with a capital of Rs. 10,000. The particulars of his cash receipts and payments for January 2006 are given below:

2006		Rs.
Jan. 2	Puchased good for cash	5,000
Jan. 5	Sold goods for Cash	2,000
Jan. 7	Paid office expenses	200
Jan. 10	Purchased for cash	2,000
Jan. 12	Postage	25
Jan. 15	Gave to Ramesh	3,000
Jan. 17	Received from Mahesh	200
Jan. 20	Cash Sales	1,000
Jan. 22	Cash Purchases	900

Record the above transactions in the Cash Book.

प्रश्न–33. मोहन ने 1 जनवरी, 2006 को व्यापार प्रारम्भ किया । नीचे लिखे सौदों से दो खाने वाली रोकड़ पुस्तक बनाइए :

2006		रू.
जनवरी 1	व्यापार शुरू किया	15,000
जनवरी 3	सुरेश को भुगतान किया	800
	उसने छूट दी	10
जनवरी 5	मोहन से प्राप्त हुए	900
	उसने छूट दी	15
जनवरी 7	माल का नकद क्रय	6,000
जनवरी 10	माल की नकद बिक्री	4,000
जनवरी 12	माल का नकद क्रय	3,000
जनवरी 15	माल की नकद बिक्री	2,000
जनवरी 17	600 रू. का भुगतान 2% कटौती काटकर सुरेश को किया	
जनवरी 20	माल का नकद क्रय किया	4,410

Mohan commenced business on 1st january, 2006. Prepare a Two Columnar Cash Book from the transactions given below:

2006		Rs.
Jan. 1	Started Business	15,000
Jan. 3	Paid to Suresh	800
	He gave discount	10
Jan. 5	Received from Mohan	900
	Allowed him discount	15
Jan. 7	Cash Purchases	6,000
Jan. 10	Cash sales	4,000
Jan. 12	Cash Purchases	3,000

Jan. 15	Cash sales	2,000
Jan. 17	Payment of Rs. 600 was made to Suresh after deduction of 2% discount	
Jan. 20	Purchased goods for cash	4,410

प्रश्न–34. निम्नांकित को मीना की रोकड़ पुस्तक में लिखिए और खाताबही में खतौनी कीजिएः 2006

अप्रैल 1 प्रारम्भिक शेषः रोकड़ 8,000 रू, बैंक 3,000 रू.

अप्रैल 3 माल क्रय किया और चैक द्वारा भुगतान किया 1,000 रू.

अप्रैल 4 माल की नकद बिक्री 500 रू.

अप्रैल 5 माल की नकद बिक्री 300 रू.

अप्रैल 6 बैंक में जमा किया 300 रू.

अप्रैल 9 मोहन से 400 रू. आये और कटौती दी 10 रू.

अप्रैल 12 चैक द्वारा निजी प्रयोग के लिए आहरण किया 500 रू.

अप्रैल 14 निजी प्रयोग हेतु आहरण किया 50 रू.

अप्रैल 15 देय बिल का भुगतान किया 600 रू.

अप्रैल 17 सुरेश को चैक द्वारा भुगतान किया 400 रू. उसने कटौती दी 10 रू.

अप्रैल 20 दीनानाथ से 525 रू. के हिसाब की पूर्ण चुकती में चैक द्वारा प्राप्त हुए 500 रू.

Enter the following into Cash Book of Meena and then post them into ledger: 2006.

April 1 Opening Balance Cash Rs. 8,000, Bank Rs. 3,000.

April 3 Purchased goods and paid for them by cheque, Rs. 1,000.

April 4 Cash sales Rs. 500

April 5 Cash sales Rs. 300

April 6 Deposited into bank Rs. 300

April 9 Received from Mohan Rs. 400 and allowed him discount Rs. 10

April 12 Withdrew by cheque for personal use Rs. 500.

April 14 Withdrew for personal use Rs. 50.

April 15 Paid B/P of Rs. 600

April 17 Paid Suresh by cheque Rs. 400, He allowed discount Rs. 10.

April 20 Received from Dina Nath a cheque for Rs. 500 in full settlement of our claim for Rs. 525.

प्रश्न–35. मोहन ब्रदर्स अपनी समस्त प्राप्तियां और संग्रह प्रतिदिन बैंक में अपने चालू खाते में जमा करा देते हैं । और सारे भुगतान चैक द्वारा करते है । अप्रैल 2006 के माह में निम्नलिखित सौदे हुए । इससे बैंक और कटौती वाले खानों की रोकड़ पुस्तक बनाइएः

बैंक द्वारा डेबिट शेष 8,00 रू, अप्रैल 5ः मोहन से 2,050 रू. के हिसाब की पूर्ण चुकता में 2,000 रू. प्राप्त हुए, अप्रैल 7ः सुरेश को चैक द्वारा 2,500 रू. दिये और 25 रू. कटौती मिली, अप्रैल 10ः माल क्रय किया 4,950 रू.

Mohan Bros. deposit all the receits and collections in their Current A/c in the bank daily, and make all their payments by cheque. The following transactions took place in April 2006. Write up Cash Book with cash and discount columns with these transaction.

April 1: Bank's debit balance Rs. 8,000, April 5, Received Rs. 2,000 from Mohan in settlement of his account for Rs. 2,050 , April 7. Paid to Suresh by cheque Rs. 2,500 and received discount Rs. 25, April 10: Purchased goods Rs. 4,950.

प्रश्न–36. एक्स की पुस्तकों में निम्न विवरण से जनवरी 2006 की साधारण खुदरा रोकड़ पुस्तक बनाइयें ।

			रू.
जन.	1	लघु रोकड़िया के पास शेष	5
जन.	1	रोकड़िया से चैक मिला	45
जन.	3	छपाई एवं लेखन सामग्री के लिए दिये	7.50

जन.	8	जलपान के लिए दिये	3.50

Write up the Simple Petty Cash Books in the book of X for January 2006 from the particulars given below:

			Rs.
Jan.	1	Balance with the Petty Cashier	5
Jan.	1	Received cheque from Cashier	45
Jan	3	Paid for printing and stationery	1.50
Jan	8	Paid for refreshment	3.50

प्रश्न–37. 2006 जनवरी के निम्न व्यवहारों को Y की खुदरा रोकड़ पुस्तक में लिखिए और फिर खाताबही में खतौनी करिए :

जनवरी 1	मुख्य रोकड़िया से प्राप्त हुए	30.00
जनवरी 2	डाक व्यय	6.50
जनवरी 3	कुली भाड़ा दिया	1.50
जनवरी 4	टेक्सी भाड़ा दिया	1.00
जनवरी 5	तार	2.00
जनवरी 6	लिफाफे	1.20
जनवरी 7	नौकरों को इनाम	3.00

Record the following transactions of January, 2006 in Petty Cash Book of Y and also post them into ledger:

Jan.	1	Received from Head Cashier	30.00
Jan.	2	Postage	6.50
Jan.	3	paid coolie charges	1.50
Jan.	4	paid taxi charge	1.00
Jan.	5	Telegram	2.00
Jan.	6	Envelopes	1.20
Jan.	7	Reward to servants.	3.00

प्रश्न–38. निम्नलिखित सौदों को अग्रवाल की क्रय पुस्तक में लिखिए ओर खाताबही में खतौनी कीजिए:

2006 : जनवरी 1 : सुधीर से माल खरीदा 500 रू., जनवरी 8 : शिवमंगल से माल खरीदा 800 रू., जनवरी 20 : विद्यासागर से माल खरीदा 1,000 रू., जनवरी 25 : आनन्द सागर से माल खरीदा 600 रू.,

Record the following transactions in Purchases Book of Agrawal and post into Ledger 2006:

Jan. 1: Purchased goods from Sudhir Rs. 500, Jan. 8: Purchased goods from Shiva Mangal Rs. 800, Jan. 20: Purchased goods from Vidya Sagar Rs. 1,000, Jan 25: Purchased goods from Anand Sagar Rs. 600.

प्रश्न–39. 2006 जून में नेहा की क्रय वापसी पुस्तक में निम्नांकित सौदे लिखिए :

जून 6 : रमेश ब्रादर्स को माल लौटाया 50 रू. , जून 8: सोहन ब्रादर्स को माल लौटाया 45 रू., जून 15 : प्रेम एण्ड कम्पनी को माल वापस किया 70 रू. ।

Record the following transactions in Purchases Returns Book of Neha for June 2006:

June 6: Returned goods to Ramesh Brothers Rs. 50: June 8: Returned goods to Sohan Bros. Rs. 45: June 15: Returned goods to Prem & Co. Rs. 70.

प्रश्न–40. 2006 जून के निम्न सौदों को विवेक की विक्रय पुस्तक में लिखिए तथा लेजर में खतौनी करिए :

जून 5 : विश्वास एण्ड कम्पनी को माल बेचा 300 रू., जून 8 : मिश्रा ब्रादर्स को माल बेचा 500 रू. जून 10 : कृष्णा एण्ड कम्पनी को माल बेचा 600 रू. ।

Record the following transactions of June 2006 in Sales Book of Vivek and post into Ledger:

June 5: Sold goods to Biswas & Co. Rs. 300, June 8: sold goods to Misra Bros. Rs. 500, June 10: sold goods to Kirshan & Co. Rs. 600.

प्रश्न–41. निम्नांकित सौदों को सीमा की विक्रय वापसी पुस्तक में लिखिए :

2006

जुलाई 1 सोहन एण्ड संस ने 50 बोरे चावल लौटाया, दर 130 रू. प्रति बोरा

जुलाई 2 रमेश एण्ड सन्स ने 60 बोरे चीनी लौटायी, दर 150 रू. प्रति बोरा

जुलाई 20 सुधीर ने 10 टिन घी वापस किया, दर 120 रू. प्रति टिन

जुलाई 25 दिनेश ने 200 रू. कीमत का माल लौटाया ।

Write-up Sales Returns Book of Seema from the following transactions:
2006: July 1: Sohan & Sons returned 50 Bags of rice, Rate Rs. 130 per bag, July 2: Ramesh & sons returned 60 bags of sugar, rate Rs. 150 per bag, July 20: Sudhir returned 10 tins of ghee, rate Rs. 120 per tin, July 25: Dinesh returned goods of the value of Rs. 200.

प्रश्न–42. अग्रवाल की प्राप्य बिल पुस्तक में 2006 जनवरी के निम्नांकित सौदे लिखिए:
2006

जनवरी 1 मोहन पर बिल लिखा, जो 3,000 रू. का है और 35 दिन के बाद देय हैं।
जनवरी 5 दिनेश की 4,000रू. की स्वीकृति प्राप्त हुई और उसे मोहन को बेचान किया।
जनवरी 7 राम पर एक बिल 900 रू. का 20 दिन के लिए लिखा जो उसने स्वीकार करके वापस भेज दिया ।
जनवरी 8 श्री एक्स से 2 माह की अवधि का एक प्राप्य बिल 6,000 रू. राशि का प्राप्त हुआ ।

Record the following transactions of Jan. 2006 in the Bills Receivable Book of Agrawal :

2006

Jan. 1 Draw a bill on Mohan for Rs. 3,000 payable after 35 days.

Jan 5 Received from Dinesh his acceptance for Rs. 4,000 and endorsed the same to Mohan.

Jan 7 Dreq a bill on Ram for Rs. 900, payable after 20 days, which he duly accepted and returned.

Jan.8 Recevied a bills receivable from X for Rs. 6,000 payble after 2 months.

इकाई–5

खाता बही

(LEDGER)

वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions)

प्रश्न1. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर ''हॉ'' या ''नही'' में दीजिए ।

(अ) खाता बही के प्रत्येक खाते को वित्तीय वर्ष के अन्त में बन्द किया जाता हैं ।

(ब) यदि एक खाते के डेबिट पक्ष का जोड़ इसके क्रेडिट पक्ष के जोड़ से अधिक होता है तो इसकी बाकी को डेबिट बाकी कहा जाता हैं ।

(स) माल खाता बनाते समय अन्तिम रहतिये का मूल्यांकन लागत मूल्य पर किया जाता हैं ।

(द) वेतन खाते की डेबिट बाकी को लाभ–हानि खाते में हस्तान्तरित नहीं किया जाता हैं।

Answer the following questions in 'Yes' or 'No':

(a) Every account of the ledger is closed at the end of the financial year.

(b) If the total of debit side of one account is more than its credit side then the balance of this account is called debit balance.

(c) Closing stock is valued at cost price at the time of preparing goods account.

(d) Debit balance of salaries account is not transferred to Profit and Loss Account.

प्रश्न2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करिएः

(अ) नाममात्र के खातों की बाकियों को व्यापारिक खाते या ..... खाते में हस्तान्तरित किया जाता हैं ।

(ब) व्यक्तिगत खाते की बाकी ..... ले जायी जाती हैं ।

(स) प्रत्येक खाते में ..... पक्ष होते हैं ।

(द) वास्तविक खाते के डेबिट पक्ष का जोड़ इसके क्रेडिट पक्ष के जोड़ से अधिक होने पर, इस खाते की बाकि को ..... बाकी कहा जाता हैं ।

Fill up the blanks :

(a) Balances of nominal accounts are transferred trading account or ------ account.

(b) Balance of personal account is carried .....

(c) Every account has ..... sides.

(d) If the total of debit side of real account is more than the total of its credit side, then the balance is called ..... balance.

प्रश्न3. (अ) किस बही से खाता बही में पोस्टिंग की जाती हैं ?

(ब) खाताबही का आशय लिखिए?

(स) खतियाने का क्या आशय हैं ?

(द) खातों के शेष कब निकाले जाते हैं?

(a) From which book posting is made in ledger?

(b) Write the meaning of ledger

(c) What is the meaning of posting?

(d) When are the balances of accounts found out?

प्रश्न4. निम्न सूचनाओं से बेचे हुए माल की लागत ज्ञात कीजिए।

प्रारम्भिक स्कन्ध 3,700 रू., क्रय 20,800रू. , अन्तिम स्कन्ध 2,500 रू.।

(i) **23,300 रू.** (ii) **20,800 रू.** (iii) **22,000 रू.** (iv) **इनमें से कोई नही**

Find out cost of goods sold from the followings:

Opening stock Rs. 3,700, Purchases Rs. 20,800, Closing stock Rs. 2,500

(i) Rs. 23,300 (ii) Rs. 20,800 (iii) Rs. 22,000 (iv) No.

लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Questions)

प्रश्न–5. खाता बही में खतौनी करने की विधि लिखिए ।

Write the method of posting in ledger.

प्रश्न–6. एक व्यवसाय से संबंधित सभी जानकारी की पूर्ति जब खाताबही से हो जाती है तो जर्नल क्यों रखी जाती हैं ।

Why is journal kept when all the information is received from ledger?

प्रश्न–7. विभिन्न प्रकार के खातों को बन्द करने के ढंग लिखिए ।

Write the method of closing various types of accounts.

प्रश्न–8. खाताबही रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए ।

Show the necessity of keeping ledger.

प्रश्न–9. अन्तिम रहतिये की मूल्यांकन की विधि का वर्णन कीजिए ।

Describe the method of valuation of closing stock.

प्रश्न–10. किसी व्यापारिक अवधि के खातों को बन्द करने के क्या नियम हैं ?

What are the rules of closing accounts of a certain business period?

प्रश्न–11. खाताबही व्यापार की मुख्य पुस्तक है । क्या आप इस कथन से सहमत हैं ?

Ledger is main book of business. Do you agree with this statement?

प्रश्न–12. खाता बही का क्या आशय हैं ? इसका क्या महत्व हैं? इसमें खतियाने के नियमों का वर्णन कीजिए ।

What is ledger? What is its importance? Describe the rules of posting in it.

प्रश्न–13. अग्रवाल के मार्च 2006 में निम्नांकित सौदों को जर्नल व खाताबही में लिखिए ।

मार्च 1: अग्रवाल ने रोकड़ से व्यापार प्रारम्भ किया 15,000 रूपये, मार्च 3: माल नगद क्रय किया 750 रूपये, मार्च 4: बैंक में जमा किये 10,500 रूपये, मार्च 5: बैंक से कार्यालय के प्रयोग के लिए निकाले 750 रूपये, मार्च ': राम को माल बेचा 750 रूपये, मार्च 10: किशन से उधार माल क्रय किया 340 रूपये, मार्च 19: राम से प्राप्त किये 735 रूपये, और उसे छूट दी 15 रूपये, मार्च 20 : नकद बिक्री 1,200 रूपये, मार्च 27: किशन को पूर्ण भुगतान में दिये 325 रूपये, मार्च 28 : किराया दिया 75 रूपये, मार्च 28: वेतन दिया 150 रूपये ।

Record the following transactions of March 2006 in the Journal and ledger of Agrawal:

March 1: Agrawal commenced business with cash Rs. 15,000, March 3: Purchased goods for cash Rs. 750, March 4: Deposited in bank Rs. 10,500, March 5: Withdrew from bank for office use Rs. 750, March 6: sold goods to Ram Rs. 750, March 10: Puchased from Kishan goods on credit Rs. 340, March 19: Received from Ram Rs. 735, Allowed him discount Rs. 15, March

20: Cash sales Rs. 1,200, March 27: Gave to Kishan Rs. 325 in full satisfaction of his claim, March 28: Paid rent Rs. 75, March 28: paid salary Rs. 150.

प्रश्न–14. निम्नांकित विवरण से मार्च 2006 के लिए माल खाता बनाइए ।

मार्च 1: माल के रहतिये की प्रारम्भिक बाकी 5,000 रूपये 'क' से मार्च के माह में उधार क्रय 10,000 रूपये, 'ब' को मार्च माह में उधार बिक्री 9,000 रूपये, मार्च में नकद क्रय 4,000 रूपये, मार्च में नकद बिक्री 5,000 रूपये, 'ब' ने माल लौटाया 1,000 रूपये, 'क' को माल वापस किया 800 रूपये, निजी प्रयोग के लिए प्रोपराईटर ने माल को विक्रय मूल्य पर निकाला 2,000 रूपये, गोदाम से चोरी गया माल (लागत पर) 300 रूपये माल का विक्रय लागत से 25% अधिक पर किया गया था ।

Prepare Goods Account from the following particulars for the month of March 2006:

March 1: Opening balance of stock of goods Rs. 5,000, Credit purchases from K for the month of March Rs. 10,000, Credit sales of B for the month of March Rs. 9,000, Cash purchases during march Rs. 4,000, Cash sales during March Rs. 5,000, B returned goods Rs. 1,000, Returned goods to K Rs. 800, Withdrew by the proprietor for personal use at sales price goods Rs. 2,000, Goods stolen away from Godown (at cost) Rs. 300, The goods were sold at 25% above cost.

इकाई–6 (Unit-6)
बैंक समाधान विवरण
(Bank Reconciliation's Statement)

प्रश्न–1 सत्य / असत्य बताइये –

(अ) **बैंक समाधान विवरण एक विवरण है जो बैंक की पासबुक द्वारा बतलाये गये बैंक शेष का रोकड़ बही मे स्तम्भ द्वारा बतलाये गये बैंक शेष से मिलान करने के लिए बनाया जाता है।**

Bank reconciliation's is a statement drawn up in order to agree the bank balance as shown by the bank column of the cash book with the balance as shown by the pass book.

(ब) **निर्गमित किए गए चेक जो भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं हुए है। रोकडबही में क्रेडिट करेंगे।**

Cheques issued but nut presented for payment is cr. in cash book.

(स) **संग्रह करने हेतु भेजे गए चेक आदि जिनका संग्रहण नही हुआ रोकड़ बही में डेविट करेंगे।**

Cheques deposited in to bank but not collected is Dr. in cash book.

प्रश्न–2 दीर्घउत्तरीय प्रश्न– अंक 5 (Long Answer Questions - 5 marks.)

प्रश्न–1 बैंक समाधान विवरण से क्या आशय है?

Explain Bank Reconciliation Statement?

प्रश्न–2 बैंक समाधान विवरण क्या है?

What is the Bank Reconciliation Statement?

प्रश्न–3 बैंक समाधान विवरण क्यों बनाया जाता हैं?

Why is Bank Reconciliation Statement prepared?

प्रश्न–4 रोकड़बड़ी एवं पासबुक की बैंक बाकी में अन्तर के कारण लिखिए।

Write reasons for difference in bank balance of Cash-Book and Passbook.

प्रश्न–5 **उन दो व्यवहारों को लिखिये जिन्हें केवल रोकड़बही में लिखा जाता है, किन्तु पासबुक में नहीं।**

White two transactions which are only entered in Cash-Book and Passbook.

प्रश्न–6 **उन व्यवहारों को लिखिए जिन्हें केवल पासबुक में लिखा जाता है, परन्तु रोकड़बही में नहीं।**

Write transactions to be entered in Passbook but not in Cash-book..

प्रश्न–7 **अधिविकर्ष क्या है?**

What is an overdraft?

प्रश्न–8 **बैंक समाधान विवरण तैयार करने की विधियों को समझाइये ।**

Explain the methods of preparing Bank Reconciliation Statement.

प्रश्न–9 **रोकड़बही के डेबिट शेष में जोड़ी जाने वाली मदों को लिखिए।**

Write items to be added in the debit side of Cash-Book.

प्रश्न–10 **पासबुक के क्रेडिट शेष में जोड़ी जाने वाली मदों को लिखिए।**

Write items to be added in the credit side of Passbook.

प्रश्न–11 **बैंक समाधान विवरण किसे कहते हैं? यह क्यों बनाया जाता है?**

What is Bank Reconciliation Statement? Why it is prepared?

प्रश्न–12 **बैंक समाधान विवरण की आवश्यकता को लिखिए।**

Write the necessity of Bank Reconciliation Statement.

प्रश्न–13 **बैंक समाधान विवरण की विशेषताओं को लिखिए।**

Mention essential features of Bank Reconciliation Statement.

प्रश्न–14 **रोकड़ पुस्तक के शेष और पासबुक के शेष में अन्तर होने के कारणों को समझाइए।**

Explain causes of difference in the Cash-Book and Passbook balance.

प्रश्न–15 **बैंक समाधान विवरण के लाभ लिखिए।**

Write benefits of Bank Reconciliation Statement.

प्रश्न–16 **यदि रोकड़बही का डेबिट हो, तो कौन–सी मदों को जोड़ा जाता है, ताकि पासबुक बाकी आ जाए?**

If there is debit balance in Cash-Book, what items are added to find out Passbook balance.

प्रश्न–17 रोकड़बही के क्रेडिट शेष में किन मदों को घटाया जाता है?

Which items to be deducted from the credit balance of Cash-Book.

प्रश्न–18 पासबुक शेष को आधार मानकर बैंक समाधान विवरण कैसे बनाया जाता है?

How the B.R. Statement is to be prepared on the basis of Passbook balance?

प्रश्न–19 बैंक समाधान विवरण का क्या महत्त्व है? समझाइए।

What is the importance of Bank Reconciliation Statement? Explain.

प्रश्न–20 निम्नलिखित सूचनाओं से 31 मार्च, 2007 को बैंक समाधान विवरण बनाइए–

(i) **रोकड़बही अनुसार बैंक शेष 10500 रू.।**

(ii) **25 मार्च को 500 रू. का एक चेक बैंक में जमा किया गया जिसका संग्रहण 2 अप्रैल को हुआ।**

(iii) **26 मार्च को विजय को जारी किया गया 1,000 रू. का चेक भुगतान हेतु 4 अप्रैल को प्रस्तुत किया गया।**

(iv) **एक ग्राहक ने 400 रू. सीधे बैंक में जमा किये जिसकी सूचना 5 अप्रैल को प्राप्त हुई।**

(v) **बैंक ने 700 रू. बीमा प्रीमियम के दिये जिसका लेखा रोकड़बही में नहीं किया गया।**

Prepare Bank Reconciliation Statement on 31st March, 2007 from the following information:

(i) Bank Balance as per Cash-Book Rs. 10500.

(ii) A cheque of Rs. 500 Was deposited in Bank on 25 March, its amount was collected on 2nd April.

(iii) A cheque of Rs. 1,000 issued to Vijay on 26th March, was presented for payment on 4th April.

(iv) One customer made a direct deposit of Rs. 400 in Bank, its information was received on 5th April.

(v) Insurance premium Rs. 700 was paid by Bank but not entered into Cash-Book.

प्रश्न–21 निम्नांकित जानकारी के आधार पर 31 मार्च, 2007 को बैंक समाधान विवरण बनाइये–

(i) **रोकड़बही का अधिविकर्ष 41500 रू.।**

(ii) **मेसर्स समरथ ट्रेडर्स को 2,160 रू. का चेक दिया जो अभी तक भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं हुआ।**

(iii) **1,200 रू. का एक चेक मिला, रोकड़बही में लिखा परन्तु बैंक नहीं भेजा।**

(iv) **4,800 रू. का चेक बैंक में संग्रह के लिए भेजा परन्तु अनादरित हो गया।**

(v) **1,600 रू. का चेक बैंक भेजा गया परन्तु संगृहीत नहीं हुआ।**

(vi) **200 रू. बीमा प्रीमियम बैंक द्वारा दिया गया जो रोकड़बही में नहीं लिखा गया।**

(vii) **बैंक ने 60 रू. बट्टा लेकर 4,000 रू. के देय बिल का भुगतान किया जिसे रोकड़बही में नहीं लिखा गया।**

From the following information's prepare Bank Reconciliation Statement on 31st March; 2007

(i) Bank overdraft as per Cash-Book Rs. 41500

(ii) A cheque of Rs. 2,160 was given to M/s Samrath Traders but not presented for payment.

(iii) A cheque of Rs. 1,200 was received entered into Cash-Book but not sent into the Bank.

(iv) A cheque of Rs. 4,800 was sent to Bank for collection but dishonoured.

(v) A cheque of Rs. 1,600 was deposited into Bank but it was not collected.

(vi) Insurance premium Rs. 200 was paid by Bank but not entered into Cash-Book.

(vii) Bank paid a bills payable worth Rs. 4,000 and allowed discount of Rs. 60 which was not entered in Cash-Book.

प्रश्न–22 रोकड़बही अनुसार बैंक अधिविकर्ष 2600 रू. 31 मार्च, 2006 को था। बैंक समाधान विवरण बनाइये –

(i) **200 रू. के चेक बैंक में जमा कराये गये, परन्तु उनका संग्रह नहीं हुआ।**

(ii) **पासबुक में अधिविकर्ष पर ब्याज के 80 रू. नाम किये गये हैं।**

(iii) 500 रू. का चेक जो संग्रह हेतु बैंक भेजा गया और बैंक ने इसे क्रेडिट भी कर दिया किन्तु रोकड़ बही में उसकी प्रविष्टि लिखने से छूट गयी हैं।

(iv) 200 रू. पासबुक में गलत नाम किये गये।

Bank overdraft on 31st March. 2006 according to Coash-Book was Rs. 2600 Prepare Bank Reconciliation Statement.

(i) Cheque of Rs. 2,00 were deposited into Bank but not collected.

(ii) Passbook shows a debit of Rs. 80 for interest on overdraft.

(iii) Cheques of Rs. 500 paid into Bank for collection and credited by Bank but omitted to be entered in Cash-Book.

(iv) Rs. 200 have been wrongly debited in Passbook.

प्रश्न–23 निम्नांकित सूचनाओं के आधार पर 30 जून, 2006 को बैंक समाधान विवरण पत्र बनाइए–

(i) 30 जून 2006 को पासबुक की नाम (Dr.) बाकी 7,800 रू. थी।

(ii) 2,300 रू. के चेक भेजे गए पर इनकी राशि का संग्रह 30 जून तक नहीं हो पाया।

(iii) 1,200 रू. के चेक निर्गमित किये गए पर भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं किये गए।

(iv) बैंक ने 375 रू. भवन कर के नगरपालिका को चुकाए।

(v) 600 रू. के चेक बैंक में जमा किये गए परन्तु रोकड़बही में नहीं लिखे गए।

(vi) विनियोजित धन का ब्याज 400 रू. बैंक ने वसूल किया और इसे पासबुक में लिख लिया गया।

(vii) रोकड़बही में बैंक व्यय के 15 रू. दो बार लिखे गए।

(viii) बैंक ने 50 रू. अधिविकर्ष पर ब्याज के लगाए।

Prepare Bank Reconciliation Statement on 30th June, 2006 from the following information:

(i) Debit Balance of Passbook on 30th June, 2006 Rs. 7,800.

(ii) Cheques of Rs. 2,300 were sent to Bank, but they have not been collected till 30th June.

(iii) Cheques of Rs. 1,200 were issued, but not presented for payment.

(iv) Bank paid Rs. 375 for House Tax to Municipality.

(v) Cheques deposited in Bank but not recorded in the Cash-Book Rs. 600.

(vi) Bank obtained payment of Rs. 400 being interest on investment and recorded in the passbook.

(vii) Bank charges Rs. 15 have been twice recorded in the Cosh-Book.

(viii) Bank charged interest of Rs. 50 on Overdraft.

प्रश्न–24 निम्नांकित विवरण से 31 मार्च, 2006 को बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए –

		रू.
(i)	पासबुक का बैंक अधिविकर्ष	9500
(ii)	चेक निर्गमित किये किन्तु भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं किये गए	1,520
(iii)	बैंक ने विनियोगों पर ब्याज प्राप्त किया किन्तु इसे रोकड़बही में नहीं लिखा गया	330
(iv)	बैंक ने अधिविकर्ष पर ब्याज के लगाये किन्तु इसे रोकड़बही में नहीं लिखा गया	150
(v)	एक ग्राहक ने सीधे ही बैंक में जमा कराये जिसका लेखा केवल पासबुक में ही था	2,000
(vi)	रोकड़बही के भुगतान पक्ष में बैंक खाते का जोड़ अधिक लग गया	100
(vii)	एक ग्राहक से एक चेक प्राप्त हुआ जिसकी प्रविष्टि रोकड़बही में तो कर दी गई परन्तु इस चेक को बैंक में जमा कराना भूल गया।	1,500

Prepare Bank Reconciliation Statement on 31st March 2006 from the following particulars:

(i)	Overdraft as Per passbook	9500
(ii)	Cheques issued but not presented for payment	1,520
(iii)	Interest on Investments collected by bank which has not been recorded in the Cost-Bank.	330
(iv)	Interest on overdraft charged by Bank which has not been recorded in the Cosh-Book.	150

(v) A customer deposited direct in the Bank but these were recorded only in Passbook. **2,000**

(vi) The Bank Column of the payment side of Cash-Book Overcast. **100**

(vii) A cheque received from a customer, although entered in the Cash-Book was not sent to Bank. **1,500**

प्रश्न–25 30 जून 2006 को पासबुक के अनुसार अधिविकर्ष 7,500 रू. था। रोकड़बही से मिलान करने पर निम्नलिखित अन्तरों का ज्ञान हुआ –

(i) **20 जून को 600 रू. का एक चेक बैंक में जमा किया गया जिसका संग्रहण 4 जुलाई को हुआ।**

(ii) **3,500 रू. के चेक निर्गमित किये गए किन्तु 1,200 रू. के चेक भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं किये गए।**

(iii) **रोकड़बही के प्राप्ति पक्ष में बैंक खाने का जोड़ 100 रू. से कम लग गया।**

(iv) **व्यापारी की प्रार्थना पर बैंक ने 2,000 रू. का एक ड्राफ्ट जारी किया जिसकी रोकड़बही में कोई प्रविष्टि नहीं है।**

बैंक समाधान विवरण बनाइये।

On 30th June, 2006 the overdraft as per Passbook was Rs. 7,500. When compared with the Cash-Book the following differences were noted:

(i) A cheque of Rs. 600 was deposited in Bank on 20th June, its amount was collected on 4th July.

(ii) Cheques of Rs. 3,500 were issued but cheques of Rs. 1,200 were not presented for payment.

(iii) The Bank column of the receipt side of Cash-Book undercast by Rs. 100.

(iv) Bank issued a draft of Rs. 2000 on the request of the trader. It has not been recorded in the Cash-Book.

Prepare the Bank Reconciliation Statement.

प्रश्न–26 **मेसर्स हरिकिशन एण्ड कं. की पासबुक का जमा (क्रे.) शेष 8,000 रू. 31 दिसम्बर, 2006 को था। रोकड़बही से मिलान करने पर निम्न तथ्य प्रकट हुए–**

(i) **दिसम्बर 15 को 1,500 रू. के चेक निर्गमित किये गए जिनमें से 31 दिसम्बर तक 900 रू. के चेक ही भुगतान हेतु प्रस्तुत किये गये।**

(ii) **बैंक व्यय 10 रू. बैंक द्वारा नाम** (Dr.) **किया गया।**

(iii) **बैंक ने 85 रू. ब्याज के पासबुक में जमा** (Cr.) **किये हैं।**

(iv) **160 रू. का एक चेक ग्राहक से मिला रोकड़बही मे डेबिट लिखा गया किन्तु बैंक नहीं भेजा गया।**

बैंक समाधान विवरण बनाइये।

The Passbook of M/s Harikishan and Co. showed a Credit Balance of Rs. 8,000 as on 31st Dec. 2006. On comparison with Cosh-Book the following facts were disclosed:

(i) Cheques worth Rs. 1,500 were issued on 15th Dec. for payment but only cheques Rs. 900 were presented by 31st Dec.

(ii) The Bank debited Rs. 10 towards Bank charges.

(iii) The Bank credited an interst of Rs. 85.

(iv) A customer's cheques worth Rs. 160 was received, entered in the Cash-Book but could not be sent to the Bank.

Prepare the Bank Reconciliation Statement.

इकाई–7

तलपट एवं अशुद्धियों का संशोधन

(TRIAL BALANCE & RECTIFICATION OF ERRORS)

वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions)

प्रश्न1. निम्नांकित विवरण सत्य है या असत्य :

(i) तलपट सदैव प्रत्येक माह के अन्त में बताया जाता हैं ।

(ii) तलपट के मिल जाने से यह सिद्ध हो जाता है कि खातों में कोई त्रुटियां नहीं हैं।

(iii) तलपट से केवल अंकगणितीय शुद्धता का पता चलता हैं ।

(iv) खाताबही के खातों की बाकियों के आधार पर तलपट बनाया जा सकता है ।

Following statement are True or False:

(i) Trial Balance is always prepared at the end of each month.

(ii) If the trial balance tallies, It is proved that there are no mistakes in accounts.

(iii) Trial Balance indicates only Arithmetical accuracy.

(iv) Trial Balance is prepared on the basis of balances of ledger.

प्रश्न2. रिक्त स्थानों को भरिए –

(i) तलपट के आधार पर ……. बनाये जाते हैं ।

(ii) सभी खाते सही होने पर तलपट के डेबट खाने का जोड़ इसके क्रेडिट खाने के जोड़ के …… होता हैं ।

(iii) तलपट में खातों की क्रेडिट बाकियों को …… खाने में लिखा जाता है ।

(iv) तलपट में खातों की डेबिट बाकियों को …… खाने में लिखा जाता हैं ।

Fill up the blanks :

(i) ..... are prepared on the basis of trial balance.

(ii) All accounts being correct, total of debit column of trial balance is ..... to the total of it credit column.

(iii) Credit balances of accounts are recorded in ..... column of trial balance.

(iv) Debit balances of accounts are recorded in ..... column of trial balance.

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 6 अंक (Long Answer Questions 6 marks)

प्रश्न 3 **तलपट का आशय लिखिए तथा तलपट बनाने की विधियों के नाम क्या हैं ?**

Write meaning of trial balance & what are the names of methods of preparation of trial balance?

प्रश्न 4 **तलपट से ज्ञात होने वाली अशुद्धियॉ लिखिए ।**

